उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

## गुरूवार, 28 फाल्गुन, शक संवत्, 1936
## ( दिनांक : 19 मार्च, 2015 )

## समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न

1. अल्पसूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।
2. अन्य प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)
3. निधन के निदेश।
4. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।
5. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।
6. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।
7. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।
8. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।
9. वित्तीय वर्ष 2015-16 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा।
10. वित्तीय वर्ष 2015-2016 के आय-व्ययक की अनुदान मांगों पर चर्चा एवं मतदान :-

    (1) संसदीय कार्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-05 निर्वाचन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 166939 हजार (रूपये सोलह करोड उन्हत्तर लाख उन्तालीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

    (अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

    (2) वित्त मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-07 वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवाओं के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 48038677 हजार (रूपये चार हजार आठ सौ तीन करोड़ छियासी लाख सतहत्तर हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

    (अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(3) राजस्व मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-06 राजस्व एवं सामान्य प्रशासन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 20848771 हजार (रूपये दो हजार चौरासी करोड़ सत्तासी लाख इक्हत्तर हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(4) सहकारिता मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-18 सहकारिता के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 416521 हजार (रूपये इक्तालीस करोड़ पैंसठ लाख इक्कीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(5) सिंचाई मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-20 सिंचाई एवं बाढ़ के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 10096738 हजार (रूपये एक हजार नौ करोड़ सड़सठ लाख अड़तीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(6) चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-12 चिकित्सा एवं परिवार कल्याण के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 16696351 हजार (रूपये एक हजार छः सौ उन्हत्तर करोड़ तिरसठ लाख इक्यावन हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(7) ग्राम्य विकास मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-19 ग्राम्य विकास के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 14712256 हजार (रूपये एक हजार चार सौ इक्हत्तर करोड़ बाईस लाख छप्पन हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(8) खाद्य मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-25 खाद्य के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 3447032 हजार (रूपये तीन सौ चौवालीस करोड़ सत्तर लाख बत्तीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(9) पर्यटन मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-26 पर्यटन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 2005951 हजार (रूपये दो सौ करोड़ उनसठ लाख इक्यावन हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(10) उद्यान मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-29 औद्यानिक विकास के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 1953427 हजार (रूपये एक सौ पच्चानवें करोड़ चौतीस लाख सत्ताईस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(11) शिक्षा मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-11शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 56755261 हजार (रूपये पांच हजार छः सौ पच्हत्तर करोड़ बावन लाख इक्सठ हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(12) वन मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-27 वन के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 6265804 हजार (रूपये छः सौ छब्बीस करोड़ अठ्ठावन लाख चार हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(13) पेयजल मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-13 जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 9040126 हजार (रूपये नौ सौ चार करोड़ एक लाख छब्बीस हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

(14) कृषि मंत्री श्री राज्यपाल की सिफारिश से यह प्रस्ताव करेंगे कि 31 मार्च, 2016 को समाप्त होने वाले वर्ष में अनुदान संख्या-17 कृषि कर्म एवं अनुसंधान के अन्तर्गत होने वाले परिव्ययों को चुकाने के लिए आवश्यक धनराशि की पूर्ति के लिए **रूपये 5262269 हजार (रूपये पांच सौ छब्बीस करोड़ बाईस लाख उन्हत्तर हजार मात्र)** से अनधिक धनराशि स्वीकृत की जाये।

(अनुदान की राशि में कमी करने के प्रस्ताव के लिए देखिए नत्थी **(ग)** )

11. सचिवालय प्रशासन विभाग द्वारा शासन स्तर पर वेतनवृद्धि के निर्धारण हेतु वित्तीय नियम संग्रह के मूल नियमों का उल्लंघन एवं शासनादेशों का गलत क्रियान्वयन विषयक, दिनांक 16 मार्च, 2015 को पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-31 के संबंध में, श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य, विधान सभा द्वारा दी गई सूचना पर, नियम-51 के अन्तर्गत आधे घण्टे की चर्चा।

12. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

13. जनपद नैनीताल के विकास खण्ड रामनगर के अन्तर्गत ग्राम सुन्दरखाल ग्राम चुकम एवं आंशक अमरपुर के विस्थापन के संबंध में, श्रीमती अमृता रावत, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 17 मार्च, 2015 को दी गई सूचना पर, राजस्व मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

14. राज्य के सीमान्तर्गत नगर निगमों एवं नगर पालिकाओं के क्षेत्र में हो रहे अनियोजित विकास के संबंध, में श्री हरभजन सिंह चीमा, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 17 मार्च, 2015 को दी गई सूचना पर, आवास मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

देहरादून :
दिनांक : 18 मार्च, 2015

प्रथम सत्र, 2015
का प्रथम गुरूवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा

## की कार्यसूची

### गुरूवार, 28 फाल्गुन, शक संवत्, 1936

### ( दिनांक : 19 मार्च, 2015 )

### नत्थी "क"

### अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरभजन सिंह चीमा<br>03.03.2015 | **क्या शहरी विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सरकार द्वारा नगर निगमों एवं नगरपालिकाओं से वेन्डर नीति लागू किये जाने हेतु प्रस्ताव मांगे गये थे ? यदि हां, तो क्या सरकार को प्रदेश के नगर निगमों एवं नगरपालिकाओं से संबंधित प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं ? यदि हां, तो सरकार द्वारा इस नीति को लागू किये जाने हेतु क्या निर्णय लिया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शहरी विकास** |
| श्री मदन कौशिक<br>10.03.2015 | **क्या श्रम मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में बेरोजगारों की पंजीकृत संख्या के आधार पर बेरोजगारी भत्ता कितने बेरोजगारों को दिया जा रहा है? नीति के अनुसार क्या सरकार बेरोजगारी भत्ते में बढोत्तरी करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **श्रम** |

# नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री हरबंस कपूर<br>18.02..2015 | *01. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की बढती आबादी और घटते भूजल स्तर को देखते हुए क्या सरकार राजधानी की पेयजल की आवश्यकता के लिए कोई दीर्धकालिक योजना बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | **पेयजल** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>18.02..2015 | *02. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत पेयजल की समस्या से जूझ रही क्षेत्र की जनता द्वारा लम्बे समय से सरयू नदी से लिफ्ट पेयजल योजना के निर्माण कराये जाने की मांग की जा रही है परन्तु अभी तक लिफ्ट पेयजल योजना का कार्य प्रारम्भ भी नहीं हो सका है ? यदि हां, तो क्या सरकार सरयू नदी पर लिफ्ट पेयजल योजना का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक कार्य प्रारम्भ हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>18.02..2015 | *03. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत भैरवगढ़ी पम्पिंग योजना की स्वीकृति सन् 2005 में हुयी थी ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इस पम्पिंग योजना से कुल कितने गावों को लाभान्वित होना था ? क्या इन गावों के लिए सरकार ने कोई वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था कर दी है ? यदि नहीं, तो क्या सरकार उपरोक्त पेयजल योजना का निर्माण कार्य 2015 तक पूर्ण कर पायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री गणेश जोशी<br>18.02..2015 | *04. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि यमुना नदी से मसूरी एवं आसपास के कई क्षेत्रों के लिए मसूरी स्त्रोत संवर्द्वन पम्पिंग पेयजल योजना बनाई जा रही है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त पेयजल योजना में किस किस मद के लिए कितनी धनराशि अवमुक्त की जा चुकी है तथा कब तक उक्त पेयजल योजना से क्षेत्रवासियों को लाभ प्राप्त होगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री गणेश जोशी<br>18.02..2015 | *05. **स्थगित।**<br>क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि देहरादून सहित राज्य के सभी पब्लिक स्कूलों में प्रवेश शुल्क एवं शिक्षण शुल्क में प्रतिवर्ष मनमानी बढोत्तरी की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार पब्लिक स्कूलों द्वारा शुल्क के नाम पर की जा रही मनमानी बढोत्तरी पर अंकुश लगाने पर विचार करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर<br>18.02..2015 | *06. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत से0हो0 टाऊन औद्योगिक क्षेत्र होने के कारण ग्राम पंचायत की आबादी 50 हजार से ऊपर हो गयी है जिस कारण पेयजल की समस्या उत्पन्न हो रही है ? यदि हां, तो क्या पेयजल की समस्या से निजात दिलाने हेतु कोई ओवर हेड टैंक का निर्माण किये जाने हेतु सरकार के द्वारा कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक कार्यवाही हो जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |

श्री सहदेव सिंह पुण्डीर
18.02..2015

*07. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत पुरानी पेयजल लाईनों को बदलने हेतु काफी समय से मांग की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार के पास पुरानी लाईनों को बदलने हेतु कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**पेयजल**

श्री विशन सिंह चुफाल
19.02..2015

*08. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ के विकासखण्ड–मूनाकोट की ग्राम पंचायत धूरचू के गोह नयाबाद, बन्दा पेयजल योजना की पाईप लाईन जगह जगह से टूटी है ? यदि हां, तो क्या सरकार पुनर्गठन पेयजल योजना स्वीकृत करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**पेयजल**

श्री हरबंस कपूर
19.02..2015

*09. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड पेयजल निगम में निगम के सरंचनात्मक ढांचे में 1394 पदों के सापेक्ष 1051 पदों को ही सम्मिलित किया गया है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि शेष निगम के नियमित 343 फील्ड कर्मचारियों को सम्मिलित क्यों नहीं किया गया है ? क्या सरकार इन 343 पदों को निगम के ढांचे में सम्मिलित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ?

**पेयजल**

श्री महावीर सिंह रांगड़
19.02..2015

*10. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र घनोल्टी के विकास खण्ड थौलधार में रा0इ0कालेज मैण्डखाल के भवन की स्वीकृति मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा प्रश्नकर्ता के पत्रांक सं0 1659 दिनांक 27 सितम्बर, 2014 को दी गयी थी, जिसे मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा पत्रांक संख्या वी0आई0पी0(एम)/9236/एक्स0/एक्स0वी0–1/22014(2) दिनांक 01 सितम्बर, 2014 को अपर मुख्य सचिव विद्यालयी शिक्षा विभाग को भेज दिया था लेकिन अभी तक उसका शासनादेश नहीं हुआ है ? क्या सरकार उक्त भवन के शासनादेश करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक निविदा आमंत्रित की जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**शिक्षा**

श्री दलीप सिंह रावत
19.02..2015

*11. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के विभिन्न रा0मा0वि0 में सेवा निवृत्त शिक्षकों को पुनः नियुक्त करने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार उक्त सेवा निवृत्त शिक्षकों के बदले बेरोजगार नौजवानों की नियुक्ति करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**शिक्षा**

श्री प्रेम चन्द अग्रवाल
20.02..2015

*12. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि ऋषिकेश नगर में कुल 12 प्राथमिक विद्यालय हैं जिनमे लगभग 1210 छात्र छात्रायें अध्यनरत हैं जिनमें स्वीकृत अध्यापकों के सापेक्ष मात्र 15 शिक्षक/शिक्षिकायें मौजूद हैं ? यदि हां, तो शेष स्वीकृत पदों पर कब तक सरकार छात्र/छात्राओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए शिक्षक/शिक्षिकों की तैनाती करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**शिक्षा**

श्री मदन कौशिक
20.02..2015

*13. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि चार धाम यात्रा के दृष्टिगत तैयारी पूरी कर ली गयी है ? यदि हां, तो क्या ? चारधाम यात्रा में गत वर्षों में यात्रियों की संख्या में भारी कमी के कारण क्या सरकार प्रभावी कार्ययोजना बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**पर्यटन**

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री मदन कौशिक<br>21.02..2015 | *14. | क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में पर्यटकों की घटती संख्या के दृष्टिगत सरकार प्रभावी पर्यटन नीति बना रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री आदेश चौहान<br>21.02..2015 | *15. | क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार जिले की नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर के अन्तर्गत शिवालिक नगर फेस 3 व 4 विस्थापित टिहरी कालोनी, सुभाष नगर की पेयजल योजनाओं को अलग अलग संस्थाओं द्वारा संचालित किया जा रहा है जबकि क्षेत्रीय जनता उक्त योजनाओं को जल संस्थान उत्तराखण्ड को दिये जाने की मांग लम्बे समय से कर रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पेयजल योजनाओं को जल संस्थान को हैण्डओवर करने की कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>23.02..2015 | *16. | क्या शिक्षा मंत्री विधान सभा के प्रथम सत्र 2013 के अतारांकित प्रश्न संख्या 43 के उत्तर के क्रम में बताने का कष्ट करेंगे कि शैक्षणिक सत्र 2011–12 में सितम्बर 2011 से फरवरी, 2012 तक के सेवानिवृत्त शिक्षकों को सेवाओं का लाभ एवं वेतन वृद्धि जैसे लाभों से लाभन्वित एवं अप्रैल, 2011 से अगस्त 2011 तक सेवानिवृत्त शिक्षकों को सेवाओं का लाभ एवं वेतन वृद्धि जैसे लाभों से वंचित किया जा रहा है ? यदि हां, तो "शैक्षणिक सत्र के मध्य में पड़ने वाले व्यवधान को रोकने" जैसे एक ही उद्देश्य से परिपूर्ण पुनर्नियुक्ति की व्यवस्था एवं सत्रांत लाभ की व्यवस्था अन्तर्गत विसंगति उत्पन्न होने के क्या कारण हैं ? यदि नहीं, तो शैक्षणिक सत्र 2011–12 में सत्रांत तक नियुक्त कनिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षकों को वरिष्ठ सेवानिवृत्त शिक्षकों के सापेक्ष एवं वेतन, वृद्धि, तथा सेवाओं का लाभ दिये जाने के बाद उत्पन्न विसंगति एवं अन्याय पूर्ण कार्य किये जाने के क्या कारण हैं ? | शिक्षा |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>23.02..2015 | *17. | क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के विकासखण्ड कनालीछीना में धूरोली पेयजल योजना जगह जगह क्षतिग्रस्त है ? क्या सरकार उक्त पेयजल योजना का पुनर्गठन करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री संजय गुप्ता<br>23.02..2015 | *18. | क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि खादर क्षेत्र होने के कारण जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र लक्सर के अन्तर्गत अधिकांश गावों में पीने का पानी अत्यधिक दूषित है जिसके कारण गांव के लोग बीमारी का शिकार हो रहे हैं ? यदि हां, तो सरकार लक्सर विधान सभा क्षेत्र के दूषित पेयजल गावों को स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने हेतु कोई योजना बना रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री यतीश्वरानन्द<br>24.02..2015 | *19. | **द्वितीय मंगलवार के तारा0 11 में स्थाना0**<br>क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के ग्राम लालढांग, मंगोलपुरा, रसूलपुर, रसूलपुर बडा, मिठीबेरी, नया गांव, चमरियां, कटेवड, डालूपुरी, समसपुर आदि क्षेत्र में लगभग 15,000 व्यक्ति निवास करते हैं वहां के लडके व लडकियों हेतु शिक्षा के लिए दूर दूर तक भी कोई भी डिग्री कालेज की व्यवस्था नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार द्वारा उक्त गांवों के बच्चों के लिए किसी डिग्री कालेज का निर्माण कराया जा रहा है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 24.02..2015 | *20. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के सभी पर्वतीय जिलों के इण्टर कालेजों व विद्यालयों में शिक्षकों की कमी के कारण वहां शिक्षा का स्तर लगातार गिर रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार इसके लिए कोई नीति बना कर शिक्षकों की उचित व्यवस्था कर शिक्षा के स्तर को सुधारते हुए विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 18.02.2015 | 1. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत स्थित रा0उ0प्रा0वि0 पन्थ्यूड़ा का उच्चीकरण न होने के कारण छात्र/छात्राओं को आगे की शिक्षा हेतु 10 कि0मी0 दूर रा0इ0का0 विविल जाना पड़ता है तथा रा0उ0प्रा0वि0 पन्थ्यूड़ा के उच्चीकरण हेतु क्षेत्र की जनता द्वारा लम्बे समय से मांग की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त विद्यालय के उच्चीकरण हेतु स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 18.02.2015 | 2. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के काफी बडे क्षेत्र में पानी का संकट गहराता जा रहा है ? यदि हां, तो उक्त क्षेत्र को पेयजल की समस्या से निजात दिलाने हेतु सरकार मालडूंग जलाशय पेयजल योजना से पेयजल उपलब्ध करवाने हेतु कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 18.02.2015 | 3. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में जू0 हाईस्कूल तड़ी–टुकनोली का सरकार द्वारा उच्चीकरण करने पर विद्यालय का नाम रा0उ0मा0 विद्यालय टुकनोली कर दिया गया है ? क्या मंत्री जी इस बात से भी अवगत हैं कि विद्यालय भवन ग्राम सभा तड़ी की भूमि परबना और वहां की जनता द्वारा भवन का नाम पूर्व की तरह ही तड़ी टुकनोली किये जाने की मांग की है? यदि हां, तो क्या सरकार रा0उ0मा0 विद्यालय टुकनोली के नाम में पूर्व की तरह ही तड़ी टुकनोली करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री दलीप सिंह रावत 18.02.2015 | 4. क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के अन्तर्गत विकासखण्ड नैनीडांडा के अन्तर्गत अदालीखाल में कोई पम्पिंग योजना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो इसकी प्रगति क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 19.02.2015 | 5 **स्थगित।** क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में कुल कितने राजकीय इण्टर कालेज हैं, उनका जिलेवार विवरण क्या है तथा इन राजकीय इण्टर कालेजों में नियुक्त शिक्षकों व अन्य कर्मचारियों का भी कालेजवार विवरण क्या है ? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप रावत<br>19.02.2015 | 6 क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लैंसडौन विधान सभा के अन्तर्गत रा0मा0वि0 रिखणीखाल एवं रा0मा0वि0 नैनीडांडा (पटोटिया) में शिक्षकों एवं कर्म्चारियों के कितने पद सृजित हैं ? क्या सृजित पदों के सापेक्ष पद रिक्त हैं ? यदि हां, तो इन्हें भरने के लिए क्या कार्यवाही की जा रही है ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री दलीप रावत<br>19.02.2015 | 7 क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पौड़ी गढवाल के रिखणीखाल व बीरोंखाल के अन्तर्गत पूर्व में स्वीकृत पर्यटक आवास गृह व मार्गीय सुविधा आवास गृह का अभी तक निर्माण कार्य पूर्ण न करने के क्या कारण हैं ? क्या विभाग उक्त पर्यटक आवास गृह/मार्गीय सुविधा आवास गृह के निर्माण हेतु कोई कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पर्यटन** |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>19.02.2015 | 8 क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ के ग्राम पंचायत विछुल के ग्राम काफलानीगैर, तलगड़ी एवं कुरानी में पेयजल की समस्या के निदान हेतु कोई पेयजल योजना नहीं बनी है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गावों हेतु पेयजल योजना स्वीकृत करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>19.02.2015 | 9 क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि धनोल्टी विधान सभा क्षेत्र के विकास खण्ड थौलधार के मैण्डखाल, धमाड़ी, डन्डी एवं कन्सुड के कुमाई चली में पेयजल की अत्यधिक समस्या है ? यदि हां, तो क्या सरकार मैण्डखाल, धमाडी, डन्डी पेयजल योजना का पुनर्निर्माण एवं कन्सुड के कुमाई चली पेयजल योजना को स्वीकृत करने पर विचार कर रही है ? यदि हां तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>19.02.2015 | 10 क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि 15 अगस्त, 2015 को विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर में आई आपदा से सभी एकल एवं ग्राम समूह पेयजल योजनायें पूर्ण क्षतिग्रस्त हो गई थी को अस्थाई रूप में उन्हें चालू किया गया था ? यदि हां, तो सरकार ने कुल कितनी एकल व ग्राम समूह योजनाओं पर पुर्न निर्माण कार्य प्रारम्भ कर दिया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>19.02.2015 | 11 क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि राजकीय इण्टर कालेज बहेडाखाल, पौडी गढवाल के नाम पर नियुक्त दफ्तरी को एक लम्बी अवधि से अन्यत्र सम्बद्धीकरण किया गया है और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के अनेक अनुरोध के बावजूद भी उक्त दफ्तरी का सम्बद्धीकरण समाप्त नहीं किया जा सका है और उन्हें मूल विद्यालय में तैनाती नहीं दी जा सकी है ? यदि हां, तो दफ्तरी को अन्य विद्यालय से सम्बद्ध करने का औचित्य एवं उद्देश्य क्या है तथा इन्हें किस अधिकारी के किस आदेश के द्वारा क्यों सम्बद्ध किया गया है और कितनी अवधि के लिए सम्बद्ध किया गया है ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त कर्मचारी का सम्बद्धीकरण कब समाप्त किया जायेगा और इनके द्वारा मूल विद्यालय में कब योगदान दिया जायेगा ? | **शिक्षा** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>20.02.2015 | 12. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड कपकोट के रा0इ0का0 कर्मी में तैनात एक प्रवक्ता परिषद कार्यालय रामनगर में सम्बद्ध है ? यदि हां, तो यह प्रवक्ता किस आधार पर सम्बद्ध है ? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री ललित फर्स्वाण 20.02.2015 | 13. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत रा0उ0मा0वि0 सनगाड़ के उच्चीकरण की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा सं0 277/2014 द्वारा की है ? यदि हां, तो इस पर शासनादेश कब तक जारी किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री ललित फर्स्वाण 20.02.2015 | 14. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत कृषि इण्टर कालेज दोफाड़, तहसील दुग–नाकुरी के प्रान्तीकरण की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा सं0 272/2014 द्वारा की है ? यदि हां, तो प्रान्तीकरण का शासनादेश कब तक जारी किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री ललित फर्स्वाण 20.02.2015 | 15. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के राजकीय स्ना0 महाविद्यालय के पास सैंज, कपकोट, थर्प (काण्डा) में इन फिल्ट्रेशन/वोरवेल की स्वीकृति की घोषणा मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा सं0– 373/2013 से प्रदान की गई है ? यदि हां, तो योजना का शासनादेश कब जारी किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पेयजल |
| श्री ललित फर्स्वाण 20.02.2015 | 16. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के इण्टर कालेज कमेड़ीदेवी तहसील कांडा में विज्ञान की सवित्त मान्यता की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा सं0 273/2014 द्वारा की है ? यदि हां, तो इस पर शासनादेश कब तक जारी किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री गणेश जोशी 20.02.2015 | 17. क्या पर्यटन मंत्री अवगत हैं कि पिछले कई वर्षों से शहनशाही आश्रम राजपुर से मसूरी के लिए रोपवे बनाना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त रोपवे के शीघ्र निर्माण पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यटन |
| श्री मालचन्द 20.02.2015 | 18. क्या पर्यटन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि यमुनोत्री यात्रा मार्ग एवं हरकीदून केदारकाण्ठा पर्यटक मार्ग के मुख्य पडावों पर यात्री प्रतीक्षालय एवं सुलभ शौचालयों का निर्माण किये जाने की कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | पर्यटन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 20.02.2015 | 19. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा के राजकीय इण्टर कालेज बांगीधार में विज्ञान विषय तो स्वीकृत है परन्तु गणित विषय की स्वीकृति प्राप्त नहीं है ? यदि हां, तो क्या मा0 मंत्री जी गणित विषय के महत्व को समझते हुए छात्र हित में गणित विषय की स्वीकृति प्रदान कर शीघ्र प्रारम्भ करेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना 20.02.2015 | 20. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा के राजकीय इण्टर कालेज चिन्तोली में छात्र छात्राओं की संख्या 400 से अधिक है और आज के इस वैज्ञानिक युग में भी विज्ञान का विषय तक स्वीकृत नहीं है ? यदि हां, तो क्या मा0 मंत्री जी विज्ञान विषय के महत्व को समझते हुए छात्र हित में इसे शीघ्र प्रारम्भ करेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत 20.02.2015 | 21 क्या पेयजल मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि क्या वर्ष 2013 से वर्तमान तक विभिन्न स्थानों में पेयजल संकट को देखते हुए टैकरों द्वारा विभिन्न पर्वतीय क्षेत्रों में पानी आवंटित किया गया था ? यदि हां, तो क्या टैंकर संचालकों को विभाग द्वारा पूर्ण भुगतान कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ? क्या विभाग उक्त लोगों को उनका भुगतान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री आदेश चौहान 21.02.2015 | 22. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि हरिद्वार जिले की नगर पालिका परिषद शिवालिक नगर के शिवालिक नगर फेस 1 व 2 में पेयजल व्यवस्था जल संस्थान के पास है किन्तु सीवर व्यवस्था के रखरखाव हेतु कार्य किसी विभाग के पास नहीं है ? क्या मंत्री जी अवगत हैं कि पूरे प्रदेश में जल संस्थान जल व सीवर दोनों व्यवस्थाओं को देखता है ? यदि हां, तो क्या शिवालिक नगर फेस 1 व 2 की सीवर व्यवस्था जल संस्थान को हैण्ड ओवर किये जाने पर सरकार विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री ललित फर्स्वाण 21.02.2015 | 23. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत तहसील कपकोट में फरसाली व गुलेर गांव को जोड़ते हुए बृहद पेयजल योजना हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा सं0 – 621/2012 से पी0एच0सी0 की स्वीकृति प्रदान की गई थी ? यदि हां, तो योजना का शासनादेश कब जारी किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री ललित फर्स्वाण 21.02.2015 | 24. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत तहसील काण्डा कमेड़ी में सरयू नदी से लिफ्टिंग पेयजल योजना हेतु मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा सं0– 606/2012 से स्वीकृति प्रदान की गई है ? यदि हां, तो योजना का शासनादेश कब जारी किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री ललित फर्स्वाण 21.02.2015 | 25. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत कांडा–कमेड़ी देवी ग्राम समूह पम्पिंग पेयजल योजना की स्वीकृति मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा सं0 293/2014 से प्रदान की गई है ? यदि हां, तो इस पर शासनादेश कब तक जारी किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री ललित फर्स्वाण 21.02.2015 | 26. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत किड़ई–सनेती–पचार–वाफिला गांव पम्पिंग योजना की स्वीकृति मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा सं0 294/2014 से प्रदान की गई है ? यदि हां, तो इस पर शासनादेश कब तक जारी किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **पेयजल** |
| श्री विशन सिंह चुफाल 21.02.2015 | 27. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ के विकासखण्ड डीडीहाट में प्रा0 पा0 चमाली का भवन क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार भवन निर्माण हेतु धन स्वीकृत करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री विशन सिंह चुफाल 21.02.2015 | 28. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ के विकासखण्ड कनालीछीना के ग्राम पंचायत जगुड़ा का भवन क्षतिग्रस्त है ? यदि हां, तो क्या सरकार भवन का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री ललित फर्स्वाण<br>23.02.2015 | 29. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड कपकोट की ग्राम पंचायत सोराग के विद्यालय का निर्माण विगत 3 वर्ष में पूर्ण नहीं हो पाया है ? यदि हां तो भवन निर्माण हेतु कोई समय सीमा निर्धारित होती है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>23.02.2015 | 30. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के विकासखण्ड कपकोट की ग्राम पंचायत कुवांरी में जू0हा0 के निर्माण हेतु रू0 18 लाख आवंटित हुए हैं ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि लगभग दो वर्ष बाद भी जू0हा0 का भवन निर्माण नहीं हो पाया है ? यदि हां, तो भवन निर्माण की भौतिक प्रगति का विवरण सरकार सदन के पटल पर रखेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>23.02.2015 | 31. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत असौं इण्टर कालेज तहसील कपकोट में इण्टरमीडिएट स्तर पर विज्ञान की सवित्त मान्यता की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा सं0 275/2014 द्वारा की है ? यदि हां, तो इस पर शासनादेश कब तक जारी किया जायेगा ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>23.02.2015 | 32. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत हाईस्कूल गुलेर के उच्चीकरण माननीय मुख्यमंत्री जी घोषणा सं0 270/2014 द्वारा की गई है ? यदि हां, तो इस पर शासनादेश कब तक जारी किया जायेगा ? यदि नही, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>23.02.2015 | 33. **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।**<br>क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के इण्टर कालेज कमेड़ी देवी, तहसील कांडा में विज्ञान की सवित्त मान्यता की घोषणा मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा घोषणा सं0 273/2014 द्वारा की गई है ? यदि हां, तो इस पर शासनादेश कब तक जारी किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री पूरण सिंह फर्त्याल<br>23.02.2015 | 34. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत क्षेत्रीय जनता द्वारा लम्बे समय से राजकीय कन्या इन्टर कालेज, खेतीखान में एक ऑडिटोरियम बनाये जाने की मांग की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार क्षेत्रीय विकास के दृष्टिगत ऑडिटोरियम बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>23.02.2015 | 35. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा के राजकीय इण्टर कालेज नैल में विज्ञान विषय तो स्वीकृत है परन्तु गणित विषय की स्वीकृति प्राप्त नहीं है जिससे वहां के छात्र छात्राओं को गणित विषय में प्रवेश हेतु दूसरे स्कूलों में जाना पड़ता है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी गणित विषय के महत्व को समझते हुए छात्र हित में इसे शीघ्र प्रारम्भ करेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>23.02.2015 | 36. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के राजकीय इण्टर कालेज दूनाकोट में प्रवक्ता के कुल कितने पद रिक्त हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार रिक्त पदों पर नियुक्त करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री चन्द्रशेखर<br>23.02.2015 | 37. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत बुग्गावाला में राजकीय इण्टर कालेज काफी समय से केवल 1–2 कक्ष में संचालित है और यहां पर भवन निर्माण व चार दीवारी का निर्माण होना था लेकिन वर्तमान तक यह निर्माण कार्य नहीं हो पाया है, जिससे छात्र छात्राओं की पढाई सुचारू रूप से नहीं हो पा रही है ? क्या सरकार छात्र छात्राओं के हित को ध्यान में रखते हुए उक्त कालेज का भवन निर्माण व सुरक्षा दीवार बनायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>24.02.2015 | 38. क्या शिक्षा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड जौनपुर के मरोड़ सकलाना हाईस्कूल को इन्टरमीडिएट उच्चीकरण के लिए प्रश्नकर्ता के पत्रांक सं0 1498 दिनांक 23 मई 2014 पर उच्चीकृत करने के आदेश निर्गत किये गये थे ? यदि हां, तो उक्त विद्यालय इन्टरमीडिएट की कक्षायें प्रारम्भ कर दी गयी है ? यदि हां, तो कब से ? यदि नहीं, तो कब तक आदेशों का अनुपालन किया जायेगा ? | **शिक्षा** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>24.02.2015 | 39. क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत रा0उ0मा0वि0 सनगाड़ के उच्चीकरण की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 277/2014 द्वारा की गई है ? यदि हां, तो इस पर शासनादेश कब तक जारी किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **शिक्षा** |
| श्री ललित फर्स्वाण<br>24.02.2015 | 40. **पुनरावृत्ति के आधार पर निरस्त।**<br>क्या शिक्षा मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत असौं इण्टर कालेज, तहसील कपकोट में इण्टरमीडिएट स्तर पर विज्ञान की सवित्त मान्यता की घोषणा माननीय मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 275/2014 द्वारा की है ? यदि हां, तो इस पर शासनादेश कब तक जारी किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | शिक्षा |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>21.02.2015 | 41. क्या युवा कल्याण मंत्री अवगत हैं कि अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा में स्याल्दे नामक स्थान पर मिनी स्टेडियम के निर्माण की स्वीकृति वर्ष 2011 से ही प्राप्त है और इसकी देख रेख व प्रशिक्षण देने हेतु भी प्रशिक्षक की भी स्वीकृति प्रदान की गयी है ? यदि हां, तो क्या सरकार मिनी स्टेडियम का शीघ्र निर्माण कर युवाओं को प्रशिक्षित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **युवा कल्याण** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>23.02.2015 | 42. क्या युवा कल्याण मंत्री अवगत हैं कि अल्मोडा जिले की सल्ट विधान सभा में कितने युवक मंगल दलों व कितनी महिला मंगल दलों को प्रोत्साहन राशि दी गयी है उसका वर्ष 2012–13, 2013–14 व 2014–15 का वर्षवार विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि यह राशि क्या सभी महिला युवक मंगल दलों को देंगे ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **युवा कल्याण** |
| श्री राजकुमार ठुकराल<br>19.02.2015 | 43. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र रूद्रपुर के अन्तर्गत जिला मुख्यालय रूद्रपुर में पानी की निकासी एवं सीवर लाईन की व्यवस्था नहीं है ? यदि हां, तो सीवर लाईन की व्यवस्था कब तक की जायेगी ? | **पेयजल** |

श्री गणेश जोशी
18.02.2015

44. क्या पेयजल मंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत मसूरी विधानसभा क्षेत्र के गढी कैंट में छावनी परिषद के अनुरोध पर सीवर लाईन का सर्वे किया गया है तथा सीवर लाइन बिछाने के लिए 40 करोड़ डीपीआर बना कर छावनी परिषद देहरादून को दी गई है ? यदि हां, तो क्या मा0 मंत्री जी यह बताने का कष्ट करेंगे कि गढी कैंट क्षेत्र में सीवर लाइन के निर्माण हेतु राज्य सरकार, योजना में धनराशि व्यय करेगी ? यदि हां, तो कितने प्रतिशत ? यदि नहीं, तो क्यों ?

**पेयजल**

## नत्थी- "ग"

## वित्तीय वर्ष 2015-2016 के अनुदान मांगों में कमी करने के प्रस्ताव

अनुदान संख्याः- 5- निर्वाचन, 6-राजस्व एवं सामान्य प्रशासन, 7-वित्त, कर, नियोजन, सचिवालय तथा अन्य सेवाए, 18-सहकारिता, 20-सिंचाई एवं बाढ नियंत्रण, 12-चिकित्सा एवं परिवार कल्याण, 19-ग्राम्य विकास, 25-खाद्य, 26-पर्यटन, 29-औद्यानिक विकास, 11-शिक्षा, खेल एवं युवा कल्याण तथा संस्कृति, 27-वन, 13-जलापूर्ति, आवास एवं नगर विकास, 17-कृषि कर्म एवं अनुसंधान।

| प्रस्तावक का नाम | प्रस्ताव का प्रारूप |
| --- | --- |
| 1 श्री अजय भट्ट | सम्पूर्ण अनुदान के अधीन मांग की राशि घटाकर एक रूपया कर दी जाय। कमी करने का उद्देश्य विभागीय नीति की आलोचना करना तथा सुझाव देना। |
| 2 श्री तीरथ सिंह | |
| 3 श्री हरबंस कपूर | |
| 4 श्री बंशीधर भगत | |
| 5 श्री बिशन सिंह चुफाल | |
| 6 श्री मदन कौशिक | |
| 7 श्रीमती विजय बड़थ्वाल | |
| 8 श्री हरभजन सिंह चीमा | |
| 9 श्री अरविन्द पाण्डे | |
| 10 श्री चन्दन राम दास | |
| 11 श्री सुरेन्द्र सिंह जीना | |
| 12 श्री चन्द्रशेखर | |
| 13 श्री प्रेमचन्द अग्रवाल | |
| 14 श्री गणेश जोशी | |
| 15 श्री मालचन्द | |
| 16 श्री पुष्कर सिंह धामी | |
| 17 श्री राजेश शुक्ला | |
| 18 डा0 प्रेम सिंह राणा | |
| 19 श्री राजकुमार ठुकराल | |
| 20 श्री महावीर सिंह रांगड़ | |
| 21 श्री सहदेव सिंह पुण्डीर | |
| 22 श्री आदेश चौहान | |
| 23 श्री संजय गुप्ता | |
| 24 स्वामी यतीश्वरानन्द | |
| 25 श्री दलीप रावत | |
| 26 श्री पूरन सिंह फर्त्याल | |
| 27 श्री दान सिंह भण्डारी | |